NSS har Ghar Tiranga Rally

Hindi Divas 14/09/2022

World ozone day 16/09/2022

हिंदी दिवस के उपलक्ष में एसएनकेपी राजकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

वीर वीरांगना

नीमकाथाना (सुरेश यादव)। सेठ नंदकिशोर पटवारी राजकीय महाविद्यालय के हिन्दी विभाग एवं एन. एस. एस. के संयुक्त तत्वाधान मे 14 सितंबर को महाविद्यालय परिसर में हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ0 हरिश कुमार ने की। इस अवसर पर हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. देवी प्रसाद वर्मा नें हिन्दी भाषा की वर्तमान प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। अपने अध्यक्षीय उ?द्बोधन में प्राचार्य ने बच्चों को राष्ट्र भाषा के रूप में प्रतिस्थापित करने हेतु इसके अधिक से अधिक उपयोग पर जोर दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. अवदेश शर्मा अनिल ने किया तथा महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. इन्द्राजमल यादव, डॉ. प्रदीप मिठारवाल, प्रो0 मुकेश जाँगिड.,हरि शंकर यादव तथा प्रो. खिलेश कुमार ने भी हिन्दी भाषा की महता पर अपने विचार व्यक्त किए।

CS Scanned with CamScanner

विश्व ओजोन दिवस पर हुआ कार्यक्रम

नीमकाथाना| राजकीय एसएनकेपी पीजी कॉलेज में शुक्रवार को विश्व ओजोन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्राचार्य डॉ. हरीश कुमार ने छात्रों को ओजोन परत के नष्ट होने से मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जानकारी दी। एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अवधेश शर्मा अनिल ने पीपीटी के जरिए ओजोन संरक्षण के बारे में जानकारी दी। इसके लिए चल रहे कार्यक्रमों व उपायों के बारे में बताया गया। प्रश्नोतरी कार्यक्रम में छात्रों ने ओजोन परत संरक्षण एवं प्रभावों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में डॉ. राजेश कुमार, डॉ. सुनिल कुमार सक्सेना, डॉ. एचएस यादव, मुकेश जांगिड एवं एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी डॉ. प्रदीप मिठारवाल व प्रो. मनीषा मौजूद रहे।